# बिहार सरकार
## स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकरी,
वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग,
बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक

विषय : डा० महेन्द्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिदुपुर, वैशाली के दिनांक–25.11.2016 से 20.07.2017 तक अवधि के विनियमन के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध मे कहना है कि विभागीय अधिसूचना संख्या–1209(9), दिनाक–25.11 2016 द्वारा डा० महेन्द्र प्रसाद सिह, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिदुपुर, वैशाली को निलंबन मुक्त किया गया तथा निलंबन अवधि में मात्र जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। निलबन मुक्त होने के उपरान्त डा० सिंह द्वारा दिनांक–30 11 2016 को विभाग में योगदान समर्पित किया गया तथा पदस्थापन की प्रतीक्षा मे रहते हुए दिनांक–01.12.2016 से उपस्थिति दर्ज की गयी है।

डा० सिंह द्वारा पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि दिनाक–01.12 2016 से 30 06 2017 के दौरान दिनांक–16 05 2017 से 30.06 2017 तक उपस्थिति दर्ज नहीं किया गया। विभागीय अधिसूचना संख्या–566(2), दिनाक–30.06 2017 द्वारा डा० महेन्द्र प्रसाद सिह को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिदुपुर, वैशाली मे पदस्थापित किया गया। इसके अनुपालन मे डा० सिह द्वारा दिनाक–17.07 2017 को सिविल सर्जन, वैशाली के कार्यालय मे योगदान समर्पित किया गया। सिविल सर्जन, वैशाली के आदेश ज्ञापांक–1348 ,दिनाक–20 07 2017 द्वारा प्रभार ग्रहण करने का निदेश निकाला गया जिसके आलोक में डा० सिंह के द्वारा दिनांक–21 07.2017 को प्रभार ग्रहण किया गया।

इस तरह डा० महेन्द्र प्रसाद सिंह के दिनाक–25.11.2016 से 20.07.2017 तक प्रभार रहित अवधि को निम्नरूपेण विनियमित किया जाता है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | दिनांक–25.11.2016 से 30.11.2016 तक | – | पदग्रहण काल । |
| (ii) | दिनांक–01.12.2016 से 15.05 2017 तक | | पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि (मुख्यालय)। |
| (iii) | दिनांक–16.05 2017 से 16.07.2017 तक | | असाधारण अवकाश के रूप मे।<br>(बिहार सेवा संहिता के नियम–180) |
| (iv) | दिनांक–17.07 2017 से 20.07.2017 तक | | पदग्रहण काल के रूप में |

2. प्रस्ताव में वित्त विभाग, बिहार की सहमति एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**विश्वासभाजन**

**ह०/–**

**(विनोद कुमार पाठक)**
**सरकार के उप सचिव।**

**ज्ञापांक–2/पेन–81/2023–** 1321(2) **पटना, दिनांक** 15/6 **/2026**

**प्रतिलिपि :** महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार, पटना/ असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, वैशाली/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य केन्द्र, बिदुपुर, वैशाली/कोषागार पदाधिकारी, हाजीपुर, वैशाली/डा० महेन्द्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिदुपुर, वैशाली, पत्राचार का पता–C/0 श्री राकेश प्रकाश सिंह, जगरनाथ कॉलोनी, अंदर किला, एस०डी०ओ०रोड, पो०+थाना–हाजीपुर, जिला–वैशाली, पिनकोड–844101/प्रशाखा–3, 9 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।